**D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE**
**SESSION : 2022-2023**
**PERIODIC TEST II (HALF YEARLY EXAMINATION)**
**SUBJECT : HINDI**

**STD :VIII** **MARKS :80**
**DATE:12/9/2022** **TIME: 3 HRS.**

---

**निर्देश – 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**2. सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दिए गए हैं।**
**3. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

---

## खंड 'क'

**1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए-** **(1x5=5)**

मनुष्य को चाहिए कि संतुलित रहकर अति के मार्गों का त्यागकर मध्यम मार्ग को अपनाए। अपने सामर्थ्य की पहचान कर उसकी सीमाओं के अंदर जीवन बिताना एक कठिन कला है। सामान्य पुरुष अपने अहं के वशीभूत होकर अपना मूल्यांकन अधिक कर बैठता है और इसी के फलस्वरूप वह उन कार्यों में हाथ लगा देता है जो उसकी शक्ति में नहीं हैं। इसलिए सामर्थ्य से अधिक व्यय करने वालों के लिए कहा जाता है कि 'तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर'। उन्हीं के लिए कहा गया है कि अपने सामर्थ्य , को विचार कर उसके अनुरूप कार्य करना और व्यर्थ के दिखावे में स्वयं को न भुला देना एक कठिन साधना तो अवश्य है, पर सबके लिए यही मार्ग अनुकरणीय है।

**(क) मनुष्य को संतुलित रहकर कोनसा मार्ग अपनाना चहिए ?**
(i) असंतुलित मार्ग।
(ii) संतुलित मार्ग।
(iii) अमर्यादित मार्ग।
(iv) मध्यम मार्ग।

**(ख) कठिन कला क्या है?**
(i) सामर्थ्य के बिना सीमारहित जीवन बिताना।
(ii) सामर्थ्य को बिना पहचाने जीवन बिताना।
(iii) सामर्थ्य की सीमा में जीवन बिताना।
(iv) सामर्थ्य के सीमाओं के अंदर जीवन बिताना।

**(ग) (मनुष्य अहं के वशीभूत होकर**
(i) अपने को महत्त्वहीन समझ लेता है।
(ii) किसी को महत्त्व देना छोड़ देता है।
(iii) अपना सर्वस्व खो बैठता है।
(iv) अपना अधिक मूल्यांकन कर बैठता है।

**(घ) 'तेते पाँव पसारिए, जेती लांबी सौर ' का आशय है**
(i) सामर्थ्य के अनुसार कार्य न करना।
(ii) सामर्थ्य के अनुसार कार्य करना।
(iii) व्यर्थ का दिखावा करना।
(iv) आय से अधिक व्यय करना।

(ङ (प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक हो सकता है

(i) आय के अनुसार व्यय।

(ii) दिखावे में जीवन बिताना।

(iii) सामर्थ्य से अधिक व्यय करना।

(iv) सामर्थ्य के अनुसार कार्य करना।

**2. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं । किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।**

**(क) शिक्षक होता है-**

(i) राजनेता (ii) साहित्यकार

(iii) अभिनेता (iv) कवि

**(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?**

(i) अप्रचलित (ii) प्रचलित

(iii) क्लिष्ट (iv) रहस्यमयी

**(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?**

(i) सोच-समझकर (ii) ज्यादा

(iii) बिना सोचे-समझे (iv) तुरंत

**(घ) बातचीत में आदान-प्रदान होता है-**

(i) केवल विचारों का (ii) केवल भाषा का

(iii) केवल व्यक्तित्व का (iv) विचारों एवं व्यक्तित्व का

**(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है-**

(i) बातचीत की कला (ii) शब्दों का चयन

(iii) साहित्यिक भाषा (iv) व्यक्तित्व का प्रभाव

## खंड 'ख'

3. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-**

I 'पतग ' और 'गाव ' शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार/ अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए। 2

II. 'कागज ' शब्द में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए। 1

III. 'गह' शब्द में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए। 1

4. I. **'अव' उपसर्ग में मूल शब्द जोड़कर नया शब्द बनाइए।** 1

II. 'स्वर्ग ' शब्द में उचित प्रत्यय का प्रयोग करते हुए नया शब्द बनाइए। 1

5. I. **'निद्रा ' शब्द का तद्भव रूप लिखिए।** 1

II. 'खेत ' शब्द का तत्सम रूप लिखिए। 1

6. I. **'उपहार ' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।** 1

II. 'पुरस्कार ' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

7. **निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-** 2

I. जिसकी उपमा न हो ।

II. जो कहान जा सके ।

8. **निम्नलिखित वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए-** 2

I. कल माताजी आ रहे है ।

II. करीम देखने गया है सिनेमा ।

9. **उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

I. ताजमहल की सुन्दरता देखकर हम सब .....रह गए । 1

II 'कान भरना ' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

10. **निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइए-** 1

I. वह पाकर एक धोती ,प्रतिदिन उसे धोती ।

II. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - 1

जहाँ किसी बात को इतना बढ़ा -चढ़ाकरकहाजाए अथवा किसी की प्रशंसा इतनी बढ़ा - चढ़ाकरकी जाए किवह लोक सीमा के बाहर हो तो,वहाँ ..... अलंकार होता है।

11. **निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम चिहों का प्रयोग कीजिए -** (1X 2=2)

I. मैंने आदर पूर्वक पूछा देवी क्या आज्ञा है

II. सभी ने नारे लगाए महात्मा गाँधी की जय

## खंड 'ग'

**12. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** (1X3=3)

कभी एक ग्रामीण धरे कंधे पर लाठी ,सुख-दुःख की मोटी -सी गठरी
लिए पीठ पर भारी ,जूते फटे हुए
जिनमें से झाँक रही गाँव की आत्मा
जिन्दा रहने के कठिन जतन में पाँव बढ़ाएआगे जाता ।
घर की खपरैल के नीचे ,चिड़ियाँ भी दो-चार चोंच खोल उड़ती-छिपती थी
खुले हुए आंगन में फैली कड़ी धूप से ।

(क) ग्रामीण ने कंधे पर क्या उठाया था ? (1)
(ख) ग्रामीण पाँव आगे क्यों बढ़ाताजा रहा था ? (1)
(ग) चिड़ियाँ किस कारण से और कहाँ उड़तीं -छिपती थी ?(1)

**13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई 2)** (2X2=4)

I. दोपहर बिट जाने पर भी संध्या समय भी कोई बाहरक्यों नही निकलता ? (2)
II. सज्जनों को बार- बार क्यों मना लेना चाहिए ? (2)
III. गरमीका वृक्षों पर क्या प्रभाव पड़ा ? (2)

**14. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए- (कोई 1)** (3X1=3)

स्वाति नक्षत्र की बूंद केला सीप तथा सर्प मुख में गिरकर क्या-क्या रूप धारण करती है ? (3)

अथवा

मनुष्य को जीवन में सुख के साथ कठिन परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है। ।ऐसी कठिन परिस्थितियों में मनुष्य को क्या करना चाहिए। (3 )

**15. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(1X4=4)

उन्हीं दिनों एक साधु जंगलों में आकर रहने लगा था ।उस साधु का नाम था -अल्लूरी सीताराम राजू ।सीताराम राजू ने हाई स्कूल तक पढ़ाई की थी ।उसके बाद अगली पढ़ाई छोडकर 18 वर्ष की उम्र में ही वह साधु बन गया ।जब वह उन जंगलों में रहने आया तो आदिवासी लोंगों से अच्छी तरह हिल-मिल गया ।लोग उसे अपने दुःख दर्द की कहानी सुनाते और पूछते कि कैसे अपने कष्टों से छुटकारा पाएँ?

(क) साधु का नाम क्या था ? (1)
(ख) राजू की पढ़ाई कहाँ तक हुई थी? (1)
(ग) राजू कब साधु बना था? (1)
(घ) राजू किस प्रकार आदिवासियों के साथ घुल-मिल गया था ?(1)

**16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई 3)** **(2X3=6)**

I. गाँव वाले दारा का सम्मान क्यों करते थे ? ( 2 )

II. बिजली साहब ने भोलाराम को पटवारी के पास क्यों भेज दिया ? (2)

III. श्री राम राजू ने आदिवासियों को गांधीजी के बारे में क्या बताया ? (2 )

IV. तूश प्रकरण को अपने शब्दों में लिखिए । (2)

**17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई 2)** **(3X2=6)**

I. श्री सीताराम राजू की किस बात को सुनकर आदिवासियोंमे हिम्मत आई ? (3)

II. गांधीजी ने नौजवान को क्या समझया ? (3)

III. ईर्ष्या करना उचित है या अनुचित । क्यों? 'असल धन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

18. निम्नलिखित **प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-** ( (4X1=4)

I. गाँधीजी केवल उपदेशक नहीं थे ,कर्मयोगी थे ।आश्रम के अतिथि और सस्मरण पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

II. सीताराम राजू ने कोया आदिवासियोंको गाँधीजी के बारेमें क्या बताया ?

## खंड 'घ'

**19. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

**I. योगा का महत्त्व**

संकेत बिंदु- योगा के विविध प्रकार - योगा का महत्त्व - जीवन में योगा की आवश्यक

**II. मेरे जीवन का लक्ष्य**

संकेत बिंदु- लक्ष्य निर्धारण - लक्ष्य के प्रति समर्पण, यही लक्ष्य क्यों? विकास में योगदान

**III. प्रदुषण एक समस्या एवं समाधान**

संकेत बिंदु- भूमिका - प्रकार - फैलने के कारण- समाधान

20. अपने क्षेत्र के स्वास्थ अधिकारी को पत्र लिखिए जिसमें नगर में बढ़ती गंदगी पर चिंता व्यक्त की गई हो तथा उनकी रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया हो। (5)

**अथवा**

आपके विद्यालय ने नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया है । इसमें अपनी भूमिका का उल्लेख करते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

21. आप को अपने मित्र के साथ सनेमा देखने जाना है , अपने माता जी से अनुमति मांगते हुए उनके साथ हुए संवाद का लेखन लगभग 80 शब्दों में कीजिए। (5)

**अथवा**

आप का नाम संदेश वर्मा हैं, आपको इस इकाई परीक्षा में कम अंक आए है । अगली बार अच्छेअंकलाने का वादा करते हुए अपनी कक्षा अध्यापिका के साथ हुए वार्तालाप को लगभग 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए।

22. विद्यालय के हेड बॉय होने के कारण विद्यालय में होने वाली सांस्कृतिक कायर्क्रम की सूचना लिखिए । (5)

अथवा

सोसायटी के अध्यक्ष होने के नाते चुनाव के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित करने हेतु सूचना लिखिए।

**********